# प्रेस नोट

# दिनांक 20.07.2025

# जनपद मुजफ्फरनगर

➢ **थाना जानसठ पुलिस द्वारा वाहन चोरी के अभियोग का सफल अनावरण करते हुए 02 वाहन चोर अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 20.07.2025 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री मोहित कुमार तेवतिया मय हमराहीगण द्वारा थाना जानसठ पर पंजीकृत मोटरसाईकिल चोरी के अभियोग मु0अ0सं0- 146/2025 धारा 305 बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए 02 शातिर चोर अभियुक्तगण 1- कामिल पुत्र तैय्यब निवासी मौहल्ला धुनापुरी कस्बा व थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर 2 अजीत पुत्र अमर सिंह निवासी मोहल्ला बुद्धबाजार कस्बा व थाना जानसठ, मुजफ्फरनगर को मुखबिर की सूचना पर पिमौडा पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 01 चोरी की गयी मोटरसाईकिल (मु0अ0सं0- 146/2025 धारा 305 बीएनएस से सम्बन्धित) बरामद की गयी। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना जानसठ पुलिस द्वारा पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले 03 शातिर अभियुक्तगण गिरफ्तार-**

दिनांक 20.07.2025 को थाना सिविल लाईन पर नियुक्त उ0नि0 श्री रेशमपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा कांवड यात्रा के दौरान अवैध मादक पदार्थों की बिक्री करने वाले 03 सातिर अभियुक्तगण 1. वैभव शर्मा उर्फ तनु पुत्र रोशन निवासी वाल्मीकि बस्ती शिवपुरी के पास थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर उम्र करीब 32 वर्ष 2. गुलशन उर्फ टिड्डा पुत्र जगदीश निवासी म0नं0 38 शिवपुरी थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर उम्र करीब 28 वर्ष 3. कृष्ण कुमार उर्फ ठोड्डी पुत्र रामस्वरुप निवासी म0नं0- 48 शिवपुरी थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर उम्र करीब 30 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर माल रोड से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से 54 पैकेट गांजा ( प्रत्येक पैकेट में 6 ग्राम कुल 324 ग्राम), 01 पैकेट चरस (10 ग्राम), 19450/- रुपये नगद बरामद किये गये। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना सिविल लाईन पुलिस द्वारा थाना सिविल लाईन पर मु0अ0सं0- 179/25 धारा-8/18/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

➢ **थाना जानसठ पुलिस द्वारा महिला से छेड़छाड़ करना वाला तथा दुष्कर्म का प्रयास करने वाला अभियुक्त महज 06 घंटे के अन्दर गिरफ्तार-**

दिनांक 20.07.2025 को थाना जानसठ पर नियुक्त उ0नि0 श्री सतपाल सिंह मय हमराहीगण द्वारा महिला से छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने का प्रयास करने के अभियोग मु0अ0सं0- 236/25 धारा 62/64(ए)/74/115(2) बीएनएस में वांछित साकिब पुत्र मेहरबान निवासी नंगला बुजुर्ग उर्फ नया गांव थाना भोपा, मुजफ्फ़रनगर, उम्र करीब 22 वर्ष को त्वरित कार्यवाही करते हुए महज 06 घंटे के अन्दर ग्राम कासमपुरा में अमित की पेस्टीसाईड की दुकान से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 इलैक्ट्रिक स्कूटी बरामद की गयी। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना भोपा पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।